2020 में भारत में गेहूं की औसत उपज जर्मनी की तुलना में 56% कम

2020 के रबी फसल वर्ष के दौरान भारत में गेहूं की औसत उपज जर्मनी की तुलना में 43.88% थी, जिसने दुनिया में सबसे अधिक उत्पादकता दर्ज की। कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) ने अपनी 'रबी फसलों के लिए मूल्य नीति: विपणन मौसम 2023-24' में कहा है कि खाद्य और कृषि संगठन कॉर्पोरेट सांख्यिकीय डेटाबेस (एफ ए ओ एस टी ए टी) के आंकड़ों के अनुसार, भारत के 3,431.1 किलोग्राम (किग्रा) प्रति हेक्टेयर (43.88%) की तुलना में 2020 में जर्मनी ने गेहूं की 7,819.5 किग्रा प्रति हेक्टेयर औसत उपज दर्ज की।

2020 के दौरान, दुनिया में गेहूं की औसत उपज 3,474 किग्रा प्रति हेक्टेयर थी जो भारत की तुलना में थोड़ी अधिक थी। एफ ए ओ एस टी ए टी के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष के दौरान दुनिया के गेहूं उत्पादन में भारत का 14.14% योगदान था।

सी ए सी पी ने कहा, “यह उत्साहजनक है कि गेहूं, जौ और चना की अखिल भारतीय औसत 2020 में विश्व औसत के लगभग समानांतर है।“ आयोग ने कहा कि हालांकि, दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों और भारत के बीच गेहूं, जौ और चने के उत्पादकता स्तरों में एक बड़ा अंतर पाया गया है।

सी ए सी पी ने 2023-24 के लिए अपनी रबी मूल्य नीति में उल्लेख किया है कि 2020 के दौरान, भारत में गेहूं की सबसे अधिक औसत उपज पंजाब में 4,868 किग्रा प्रति हेक्टेयर बताई गई। यह जर्मनी, जिसकी पैदावार दुनिया में सबसे ज़्यादा थी, की औसत उपज का 62.25% थी।

इसी तरह का रुझान जौ और चना में भी देखा गया। मसूर की अखिल भारतीय औसत उपज (871.5 किग्रा प्रति हेक्टेयर) और वैश्विक औसत (1,305 किग्रा प्रति हेक्टेयर) के बीच काफी अंतर था।

“इस तथ्य को देखते हुए कि भारत दुनिया में दालों का प्रमुख उपभोक्ता है, यह चिंता का विषय है। हालांकि पश्चिमी राज्य राजस्थान (1,332 किग्रा प्रति हेक्टेयर), जिसने मसूर के लिए सबसे अधिक

उपज दर्ज की, वैश्विक औसत से ऊपर था, लेकिन यह चीन की औसत पैदावार 2,511.7 किग्रा प्रति हेक्टेयर, जो दुनिया में सबसे अधिक थी, का लगभग आधी थी," आयोग ने अपनी मूल्य नीति में कहा।

भारत में तोरिया की उच्चतम उपज हरियाणा (2,028 किग्रा प्रति हेक्टेयर) में देखी गई, जो दुनिया में सबसे अधिक जर्मनी की उपज का 55.1% (3,683.1 किग्रा प्रति हेक्टेयर) थी।

कुसुम की अखिल भारतीय औसत 514.8 किग्रा प्रति हेक्टेयर थी जो विश्व औसत 800 किग्रा प्रति हेक्टेयर का सिर्फ 64.4% थी। कुसुम की उच्चतम उपज तेलंगाना (931 किग्रा प्रति हेक्टेयर) में दर्ज की गई, जो दुनिया की सबसे ज़्यादा पैदावार — मेक्सिको की 1,721.6 किग्रा प्रति हेक्टेयर — का 54.1% थी।

सी ए सी पी ने कहा कि भारत में अधिकांश रबी फसलों के लिए उत्पादकता का स्तर कम है। "भारत में रबी फसलों के कम उपज स्तर के पीछे के कारणों में पर्याप्त सिंचाई सुविधाओं की कमी, मिट्टी की उर्वरता में कमी, सहायक सेवाओं की कमी और खेती की निर्वाह प्रकृति शामिल है, लेकिन यह इन तक ही सीमित नहीं है। आयात निर्भरता को कम करने और हमारी बढ़ती आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपज के स्तर को बढ़ाने की अच्छी क्षमता बनी हुई है," आयोग ने अपनी 2023-24 रबी मूल्य नीति में टिप्पणी की।

सी ए सी पी ने सिफारिश की है कि पर्याप्त सिंचाई सुविधाओं, गुणवत्ता वाले बीजों, पोषक तत्वों और रोपण सामग्री की समय पर आपूर्ति के साथ मशीनीकरण; संसाधनों का इष्टतम उपयोग और कुशल प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने से निकट भविष्य में उपज के स्तर में सुधार देखा जा सकता है। "यह अंततः भारत को विश्व कृषि मानचित्र पर एक उच्च स्थान पर पहुंचाने में मदद करेगा," आयोग ने कहा।

प्रमुख रबी फ़सलों (2020) की उपज की अंतर्राष्ट्रीय तुलना (किग्रा प्रति हेक्टेयर)

फ़सल	विश्व औसत	वैश्विक अधिकतम	अखिल भारत औसत	भारतीय राज्य अधिकतम
गेहूं	3,474	जर्मनी 7,819.5 *(2.91%)	3,431.1 (14.14%) **{43.88%}	पंजाब 4,868 {62.55%}

जौ	3,043	जर्मनी 6,459.1 (6.86%)	2,782.8 (1.1%) {43.08%}	पंजाब 3,777 {58.48%}
चना	1,016	इथियोपिया 2,072 (3.03%)	1012 (73.46%) {48.84%}	तेलंगाना 1,667 {80.45%}
मसूर	1,305	चीन 2,511.7 (2.51%)	871.5 (18.05%) {34.7%}	राजस्थान 1,332 {53.03%}
तोरिया	2,039	जर्मनी 3,683.1 (4.87%)	1,216.5 ^ (12.61%) {33.03%}	हरियाणा 2,028 {55.06%}
सरसों या राई	872	नेपाल 1,094.1 (39.61%)		
कुसुम	800	मेक्सिको 1,721.6 (13.29%)	514.8 (6.74%) {29.9%}	तेलंगाना 931 {54.08%}

टिप्पणी: **कोष्ठक में दिए गए आंकड़े फसल के कुल वैश्विक उत्पादन के हिस्से को दर्शाते हैं*

***तरंगित कोष्ठकों में आंकड़े { } विश्व की उच्चतम उपज के साथ प्रतिशत तुलना दर्शाते हैं*

तोरिया के लिए अखिल भारत औसत उपज है। कोष्ठक में दिए गए आंकड़े वैश्विक तोरिया उत्पादन के रूप में भारत के तोरिया उत्पादन के दर्शाते हैं।

स्रोत: *वैश्विक औसत, विश्व उच्चतम और अखिल भारत औसत के लिए एफ ए ओ एस टी ए टी*

राज्य अधिकतम के लिए आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय, भारत कृषि औस किसान कल्याण मंत्रालय